तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

12 इन्द्रावती-जोरा संगम पर मलबा हटाने से जल प्रवाह ...



12 एनीमिया और पोषण संबंधी इंटरवेंशन के लिए प्रशिक्षण...



## खबर संक्षेप

### उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला होगी आज

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में 18 अप्रैल को स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में प्रातः 11 बजे से समग्र शिक्षा के स्वंयसेवकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई है। उक्त कार्यशाला में लगभग 700 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

### सूचना का अधिकार पर कार्यशाला लगेगी 23 को

**जगदलपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के व्यापक प्रचार प्रशिक्षण हेतु संभाग स्तरीय कार्यालय के जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 23 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यशाला प्रातः 10.30 बजे से कमिश्नर के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### दिगम्बर जैन समाज सम्य ज्ञान प्रशिक्षण शिविर 20 से

**जगदलपुर।** दिगम्बर जैन समाज द्वारा 20 अप्रैल से 5 मई तक सम्यज्ञान प्रशिक्षण शिविर में देशना प्रमुख 108 मुनि आगम सागर महाराज, मुनि पुनीतसागर महाराज 108, मुनि धैर्यसागर महाराज 105 एवं स्वागतसागर महाराज के सानिध्य में प्रारंभ हो रहा है। जिसमें 5 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक के आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। समाज ने निवेदन किया गया है कि पूरे परिवार के साथ इस शिविर में भाग लेवें। यह जानकारी दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन ने दी।

# भालू के साथ अमानवीय क्रूरता करने वाले दो आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले में भालू के साथ अमानवीय क्रूरता के मामले में वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि वीडियो बनाने वाला व्यक्ति फरार है, जिसकी पता तलाश की जा रही है।

पिछले 10 अप्रैल को सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी समूचे बस्तर ने आग की तरह फैली,की दक्षिण बस्तर की किसी सुदूर गांव में वन जीव भालू के साथ कुछ ग्रामीण युवा अमानवीय व्यवहार और क्रूरता का पराकाष्ठा लांघ कर एक वन जीव को मारने की बात सामने आई। वन मंत्री केदार कश्यप ने संज्ञान में लेते तत्काल इस घटना के दोषियों की खोजबीन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उक्त जानकारी बस्तर वन वृत के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने आज पत्रवार्ता में दी।

उन्होंने बताया वन मंत्री के निर्देश पर पीसीसीसीएफ इस घटना को गम्भीरता से लेते मेरे मार्गदर्शन में एक रेपिड एक्शन टीम का का गठन किया गया। टीम गठन करने बस्तर वन वृत के सभी डीएफओ को जानकारी जुटाने कहा गया। वृत स्तरीय रेपिड एक्शन टीम वीडियो को पूरी तरह से बारीकी से जांच किया गया। वायरल वीडियो को गहराई तक जाने के बाद आरोपियों का लोकेशन ट्रेस हुआ। सीसीएफ के मुताबिक रेपिड एक्शन प्रमुख टीम,स्थानीय पुलिस और कोबरा बटालियन फोर्स के साथ सुकमा जिले के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## एक भेजा गया जेल, दूसरे को बाल सुधार गृह

### सुकमा से 20 किमी दूर पुट्टेवाड़ा

यह घटना पुट्टेवाड़ा गांव में हुई, जो सुकमा के किस्टाराम से 20 किलोमीटर दूर है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों ने भालू को तार से बांधकर डंडे से पीटा था, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने जांच शुरू की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वन विभाग ने इस मामले में वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है और 2 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और फरार आरोपी की पता तलाश जारी है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वन्य प्राणी पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं और उनका शिकार करना या मारना बड़ा अपराध है।




### वन्य प्राणी पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण

वन्य प्राणी हमारे पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। वे हमारे पारिस्थिति की तंत्र को संतुलित बनाने में मदद करते हैं और हमारे पर्यावरण को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हमें वन्य प्राणियों की रक्षा करनी चाहिए और उनके शिकार या मारने से बचना चाहिए।

आर सी दुग्गा
मुख्य वन संरक्षक बस्तर

## बैठक : नेहरू परिसर एवं झीरम शहीद मेमोरियल स्मारक का होगा जीर्णोद्धार

# वाटर हार्वेस्टिंग बनाना हुआ अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एमआईसी की बैठक में 57 प्रस्तावों पर हुई चर्चा 50 करोड़ की बनी कार्ययोजना

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक बुधवार को नगर निगम के एमआईसी कक्ष मे हुई जिसमें 50 करोड़ की कार्य योजना बनाई गई। बजट 2025 -26 का अवलोकन एवं अनुमोदन भी किया गया, जिसमें नेहरू परिसर एवं झीरम शहीद मेमोरियल स्मारक का जीर्णोद्धार होगा, जिसमें सड़क, पानी, नाली और बिजली जैसे बुनियादी मुद्दों के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर 57 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। नगर निगम के नए कार्यकाल की पहली एमआईसी बैठक में डॉ. बी आर अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण, बोधघाट थाना से कमिश्नर ऑफिस तक एवं एमपीएम हॉस्पिटल से एलआईसी रोड तक बीटी रोड चौड़ीकारण कार्य, नगर पालिक निगम जगदलपुर में विभिन्न जगहों पर पुलिया निर्माण, दलपत सागर का विकास एवं सौंदर्य करण,मुक्तिधाम से पावर हाउस चौक होते हुए लालबाग आमागुड़ा चौक तक चौड़ीकरण कार्य विभिन्न जगहों पर शेड निर्माण, सामुदायिक भवन, देवगुड़ी निर्माण,मातागुड़ी में शेड निर्माण कार्य, पेवर ब्लॉक कार्य, फेंसिंग बाउंड्रीवॉल कार्य, स्मार्ट क्लास रूम का अनुमोदन किया गया।



एमआईसी बैठक में वीर सावरकर भवन, टाउन हॉल, सोलर हाई मास्क लाइट, सोलर स्ट्रीट लाइट एवं आवासीय भू खंड व्यवसायिक भूखंड में वृक्षारोपण करने संबंधी निर्णय लिया गया। इस बैठक में भवन अनुज्ञा लेते समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनना तय हुआ नहीं बनने पर 50 हजार का जुर्माना तय किया गया एवं विभिन्न जगहों पर लगे टुल्लू पंप की जब्ती करने निर्देश दिया गया। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का संचालन करने हेतु 5 रूपये में भरपेट भोजन करवाने की व्यवस्था की गई। शासकीय टेरिस एवं एलईडी हेतु पूर्व में निर्धारित दर राशि को 10 प्रतिशत बढ़ाई गई। महापौर संजय पाण्डे ने कहा प्रथम एमआईसी बैठक में 57 प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में शहर की पानी की आपूर्ति को ▶▶|शेष पेज 12 पर

# कोसारटेडा के प्रभावित सैकड़ों किसानों ने कलेक्टोरेट के सामने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

साढ़े 300 हैक्टेयर खेती के जमीन पर पर्यटन स्थल बनाए जाने के विरोध में गुरुवार को भानपुरी क्षेत्र के कोसारटेड़ा बांध प्रभावित सैकड़ों किसान नारायणपुर विधानसभा के पूर्व विधायक चंदन कश्यप,बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला,वरिष्ठ कांग्रेसी अचल बाजपेई, श्याम दीवान के नेतृत्व में जिला मुख्यालय जगदलपुर स्थित कलेक्टरेट पहुंचे। जहां आक्रोशित ग्रामीण कलेक्टरेट के दक्षिण द्वार के मुख्य गेट पर धरना पर बैठ गए। इसकी जानकारी मिलते ही अपर कलेक्टर सीपी बघेल डिप्टी पहुंचे। इस दौरान गुस्साये ग्रामीण वन मंत्री, वन विभाग के आलाधिकारियों के विरोध में जमकर गुस्सा उतारा। अपर कलेक्टर के जांच आश्वासन बाद आक्रोशित ग्रामीण वापस गांव लौटे।

भानपुरी ग्राम के खड़गा, सालेमेट और जाम गांव के सैकड़ों ग्रामीण जिला प्रशासन बस्तर से गुहार लगाने जगदलपुर पहुंचे। उनका ▶▶|शेष पेज 12 पर

# तेंदूपत्ता नीति के खिलाफ भैरमगढ़ में प्रदर्शन और रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के भैरमगढ़ में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने तेंदूपत्ता नीति के विरोध और जिले के विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम भैरमगढ़ को ज्ञापन सौंपा।

- संग्रहण सीजन 2024 का बोनस 4500 प्रतिमानक बोरा हितग्राहियों को हो भुगतान : मंडावी

धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि सरकार की गलत तेंदूपत्ता नीति के कारण पामेड़, कुटरू और भैरमगढ़ क्षेत्र सहित जिले के अनेक गांवो में निवास करने वाले ग़रीब आदिवासियों को तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2025 में तेंदूपत्ता तोड़ने नहीं दिया जा रहा है। सरकार क्यों नहीं चाहती कि बीजापुर जैसे पिछड़े क्षेत्र का ग़रीब आदिवासी आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार का पालन पोषण करें। सरकार की नीतियों से यह स्पष्ट हो गया है कि ग़रीब और आदिवासी विरोधी है इसलिए सरकार हमेशा आदिवासी विरोधी नीतियां बनाती है ताकि आदिवासी हमेशा आर्थिक रूप से कमजोर और ग़रीब रहे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि भाजपा सरकार के समय बीजापुर जैसे आदिवासी जिले में साप्ताहिक बाजारों और 400 से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करने का काम किया था वहीं कांग्रेस की सरकार ने उस्परी जैसे गांवों में साप्ताहिक बाजार खोला, जिले में बंद पड़े सरकारी स्कूलों को दोबारा खोलने का काम किया है लेकिन भाजपा सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद फिर से उस्परी जैसे गांवों के साप्ताहिक बाजारों को बंद कर दिया गया और आदिवासी क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार के दौरान खोले गए बंद स्कूलों को भाजपा सरकार द्वारा फिर से बंद कराया जा रहा है। चरण पादुका और तेंदूपत्ता का बोनस 4500 रुपए प्रति मानक बोरा हितग्राहियों को दिया जाएगा कहा गया था, लेकिन तेंदूपत्ता सीजन 2024 का बोनस 4500 रुपए आज पर्यन्त तक किसी भी हितग्राही को नहीं दिया गया और न ही मोदी की गारंटी के तहत हितग्राहियों को चरण पादुका दिया जा रहा है। इस दौरान लालू राठौर,शंकर कुडियम, सुखमती मांझी, लच्छूराम मौर्य, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, वरिष्ठ कांग्रेसी नकुल ठाकुर, मनधर नाग, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी,संतकुमारी मंडावी, पार्वती कश्यप, दशरत कुंजाम, सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, पुरुषोत्तम खत्री, पुरुषोत्तम सल्लूर, हीरालाल मंडावी, शैलेश मंडावी, मंगल राम राना, बोधी ताती के ▶▶|शेष पेज 12 पर




## योजनाओं के क्रियान्वयन सहित लोक सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश

# ग्रीष्मकाल में पेयजल का पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में पेयजल समस्या पर हुई चर्चा

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। साथ ही लोक सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करें। इस दिशा में मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति के साथ विभागीय कार्यों को बेहतर ढंग से सम्पादित किया जाए। ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त कर गर्मी के दिनों में पेयजल की पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। वहीं दूरस्थ ईलाके के आंगनबाड़ी केंद्रों पर समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता के लिए रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। यह निर्देश कमिश्नर ने गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के ▶▶|शेष पेज 12 पर



### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में गति लाएं

कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा दौरान आयुष्मान कार्ड प्रदाय पंजीयन में जिलों के अंदरूनी इलाकों में शिविर लगाकर ग्रामीणों के कार्ड निर्माण को गति देने कहा। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालन तथा स्वास्थ्य शिविर, सिकल सेल स्क्रीनिंग की प्रगति, चिरायु योजना की प्रगति, पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में चिंहाकन व उपचार की स्थिति और मोतियाबिंद जांच की स्थिति की समीक्षा करते हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए दो आंख में पीड़ितों को पहले प्राथमिकता देने कहा। टीबी नियंत्रण हेतु निक्षय मित्र के रूप में ग्राम पंचायतों के सहयोग सहित मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किए जाने कहा। वहीं समाजकल्याण विभाग के अंतर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदान करने के लिए जल्द शिविर आयोजित कर चिन्हित दिव्यांगजनों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदाय में अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण, विद्युतीकरण, कृषि पम्पों का ऊर्जीकरण,उचित मूल्य दुकान निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई।

### गुणवत्तापूर्ण निराकरण को प्राथमिकता देने पर बल

कमिश्नर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर बल देते हुए कहा कि जनसाधारण अपनी समस्या एवं शिकायत के निदान की उम्मीद रखे रहते हैं। इसलिए उनके आवेदन पत्रों पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर समाधान करने के लिए ध्यान दिया जाए। उन्होंने संभाग स्तरीय अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर मैदानी स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति सहित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सेवाओं की सुलभता पर ज्यादा फोकस किए जाने के निर्देश दिए।



# इन्द्रावती-जोरा संगम पर मलबा हटाने से जल प्रवाह बस्तर में प्रवाहित

## भेजापदर से करंजी तक 25 किमी क्षेत्र के किसानों को मिली सिंचाई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

इन्द्रावती नदी-जोरा संगम स्थल पर बने कंट्रोल स्ट्राक्चर के बस्तर की सैकड़ों क्विंटल मलबा को साफ करने के बाद नदी का जल प्रवाह बस्तर की ओर बढ़ने से भेजापदर से लेकर करंजी तक लगभव 25 किमी तक खेतो में सिंचाई सुविधा मिलने से सैकड़ों किसानों ने राहत की सांस ली है। हालांकि करंजी से नीचे दर्जनों गांव में आज भी पानी की समस्या बनी हुई है। इन्द्रावती नदी में गैर मानसून सीजन गर्मी के दौरान ही बस्तर में जल समस्या निर्मित होती है,जबकि शेष 8 माह पानी का प्रवाह नियमित रहता है। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जल संसाधन विभाग एक्शन मोड़ पर आया और इन्द्रावती-जोरा संगम ओडिशा के ग्राम सुतपदर में बने कंट्रोल स्ट्रेक्चर का निरीक्षण कर बस्तर की तरफ जल प्रवाह में बाधा बने सैकड़ो क्विंटल सील्ड(गाद) को हटाया गया। तब जाकर इंद्रावती नदी से छत्तीसगढ़ के हिस्से को मिल रहा पानी 16 प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत मिलने लगा है। यही नहीं आने वाले समय में जल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए भी कवायद चल रही है। नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से इंद्रावती-जोरानाला के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट,लूज बोल्डर,पत्थर,रेत की बोरी,मिट्टी इत्यादि को स्थाई रूप से नदी से बाहर करने के लिए ओडिशा के द्वारा तैयारी किया जा रहा है। जिससे पानी का बहाव नैसर्गिक तरीके से होता रहेगा एवं छत्तीसगढ़ राज्य को अपने हिस्से का 50 प्रतिशत पानी मिलना शुरू होगा। इस पर आने वाला खर्च भी ओडिशा सरकार देगी। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए गए

दोनों राज्यों के बीच सचिव स्तरीय वार्ता में बस्तर जिले में गहराते पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए राजेश सुकुमार टोप्पो सचिव जल संसाधन छत्तीसगढ़ के द्वारा छत्तीसगढ़ के हितों की रक्षा और जल बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समाधान पर जोर दिया गया एवं इन्द्रावती-जोरा नाला मुहाने पर बने हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्राक्चर के दोनों ओर जमा रेत,पत्थर,मिट्टी और अन्य अवरोधों को स्थायी रूप से हटाने के लिए जल संसाधन विभाग ओडिशा द्वारा स्थानीय राज्य सरकार को प्रस्तुत साढ़े तीन करोड़ रुपये के प्राक्कलन को यथाशीघ्र स्वीकृति हेतु सचिव जल संसाधन उड़ीसा से आग्रह किया जिस पर सचिव ओडिशा ने सहमति दी है। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



### इन्द्रावती नदी में बने एनीकेट से पानी ओवरफ्लो

इन्द्रावती नदी के भेजापदर से लेकर करंजी तक 5 एनीकेट में 3 एनीकेट से पानी ओवरफ्लो होने लगा है। जब से मलबा हटाया गया,पानी का प्रवाह की रफ्तार ने वृद्धि हुई है। जगदलपुर के पुराने पुल एनीकेट, कोहकापाल एनीकेट, कुम्हरावण्ड एनीकेट से पानी ओवर फ्लो होने से खेतों को नियमित पानी मिलने लगा है।

**वेद पांडे,ईई**
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बाबू साल्हेटोला निवासी 55 वर्षीय सुनाराम शोरी का ईलाज के दौरान 20 मार्च की रात साढ़े 9 बजें धमतरी के निजी अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया किया कि मृतक को ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, जहां ईलाज के दौरान मौत हो गया। नरहरपुर थाना में असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया, समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि मृतक की मौत किन कारणों से हुई है।

### युवक की रायपुर के अस्पताल में मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत मद्रासीपारा इंदिरा गांधी वार्ड निवासी 38 वर्षीय नरेश पोटाई का ईलाज के दौरान 28 फरवरी की सुबह पौने 4 बजें रायपुर के डीकेएस अस्पताल में मौत हो गई। बिना नंबरी मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पता चल सकेगा कि मृतक किस कारण से रायपुर के अस्पताल में भर्ती हुआ था और मौत क्यों हुई। पुलिस का कहना है कि अभी डायरी आई, कारण की पतासाजी की जाएगी।

### जैन साधु संतों पर हुए हमले का सकल जैन समाज ने किया विरोध

**भानुप्रतापपुर।** मध्य प्रदेश के नीमच जिला के पास राजस्थान बॉर्डर पर स्थित सिंघोली नगर के पास कछाला गांव के हनुमान मंदिर में ज्ञानगच्छ के संत शैलेश मुनि आदि ठाणा 3 रात्रि विश्राम के लिए विराज रहे थे। राजस्थान बॉर्डर के कतिपय सामाजिक तत्वों द्वारा संतों पर क्रूरता पूर्वक अमानवीय तरीके से मारपीट की गई है। अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह के राह में चलने वाले महापुरुषों के साथ ऐसे कृत्य का विरोध, निंदा एवं देश व विदेश के सभी जैन समुदाय करता है। सकल जैन संघ संबलपुर एवं सकल जैन संघ भानुप्रतापपुर भी इसका पुरजोर विरोध करता है और साथ ही आगे ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एवं इस घटना को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एसडीएम भानुप्रतापपुर को दिया गया।

ठेकेदार को 30 जून 2025 तक काम पूरा करने दिया गया अल्टीमेटम

# सेतु निगम ने कार्य को पूरा करने चार बार दिया नोटिस, पैनल्टी के साथ की समयवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जून तक काम पूरा हो जाने पर बारिश के पहले हजारों ग्रामीणों को मिलेगी राहत

हरिभूमि फॉलोअप


जांच : विधायक विक्रम उसेंडी के कोयलीबेड़ा प्रवास पर मामला उजागर हुआ
पुल निर्माण में लापरवाही, ठेकेदार व सेतु निगम के अधिकारियों को विधायक ने लगाई फटकार
निर्माण अवधि की समय सीमा डबल हुई फिर अधूरा
दो दर्जन से ज्यादा गांव के लोग हैं परेशान

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम दूटा मार्ग के किमी 1 बाई 4 मार्ग के मेढ़की नदी पर पुल एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य का सेतु विभाग से 2 जून 2022 को दुर्ग के ठेकेदार मेसर्स राजन सिंह ने अनुबंध किया था और इसे 2 सितंबर 2023 को पूरा करके देना था। ठेकेदार को 15 माह में पुल निर्माण करके देना था, परंतु कार्य पूरा नहीं हो पाया।

विभाग ने चार बार नोटिस जारी किया और पैनल्टी के साथ समय वृद्वि दिया गया। विभाग ने 30 जून 2025 तक कार्य पूरा करने का फरमान ठेकेदार को जारी किया है। जानकारी के अनुसार इस पुल के बन जाने से कोयलीबेड़ा से लगभग दो दर्जन से ज्यादा गाँव जो बारिश के समय कट आफ हो जाते थे, इस पुल के बनने के बाद राहत मिल जाएगी। कांग्रेस के सरकार और उनके मंत्री एवं विधायकों ने गंभीरता नहीं दिखाई, जिसके कारण समय पर पुल का निर्माण नहीं हो सका। ग्रामीणों ने जब दो दिन पहले विधायक विक्रम उसेंडी के संज्ञान में लाया, तब यह मामला सामने आया। विधायक ने कार्य को जल्द शुरू करने के लिए अधिकारियों को चेताया, वहीं हरिभूमि ने इसकी हकीकत को जानने के लिए सेतु विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। सेतु विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कार्य करने वाले ठेकेदार मेसर्स राजन सिंह को चार बार 16 अप्रैल 2024, 11 दिसंबर 2024, 12 दिसंबर 2024 और 6 फरवरी 2025 को नोटिस जारी किया गया। भाजपा सरकार के आने के बाद चार बार नोटिस दिया जा चुका, परंतु कांग्रेस सरकार के समय सितंबर 2023 में काम पूरा होना था, एक बार भी नोटिस जारी नहीं किया गया, इससे यही लगता है कि कांग्रेस के नेताओं के संरक्षण की वजह से ठेकेदार ने मनमानी किया था और समय पर काम को पूरा नहीं किया था।

कांग्रेस के विधायक और अधिकारी गंभीरता दिखाते, तो यह पुल दो साल पहले बन गया होता और हजारों की जनसंख्या को दो साल पहले राहत मिल गई होती। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों में गंभीरता नहीं होने के कारण यह पुल आज तक नहीं बन पाया है। अधिकारी गंभीरता दिखाते और कांग्रेस के विधायक सख्ती बरतते तो यह पुल आज तक बन चुका होता, परंतु उस समय कोई सुनने वाला नहीं था। जिम्मेदार अपनी सही ढंग से जिम्मेदारी निर्वाह करते तो आज हम लोगों को चलने के लिए यह पुल मिल चुका होता।

### विधायक की नाराजगी आएगी काम

ग्रामीणों का कहना है कि विधायक विक्रम उसेंडी की नाराजगी अब काम आएगी। विधायक ने अफसरों को समय पर काम को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है, इससे लग रहा है कि अब यह पुल जल्द बन जाएगा। इसके बाद भी पुल नहीं बना तो यह तय है कि ग्रामीण कांकेर में चक्काजाम करने के लिए मजबूर होंगे।

### समय पर काम पूरा करवाया जाएगा

सेतु निगम के कार्यपालन अभियंता राजेंद्र सोनकर ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को 04 बार नोटिस दिया गया है और इसके अलावा पैनल्टी लगाकर समय वृद्धि दिया गया है। मेरा प्रयास होगा कि बारिश के पहले 30 जून तक पुल बनकर तैयार हो जाएगा। ठेकेदार को जल्द कार्य शुरू करने निर्देशित किया गया है।

# एनीमिया और पोषण संबंधी इंटरवेंशन के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में किशारों के बीच एनीमिया और पोषण संबंधी आदतों को समझने और सुधार लाने के उद्देश्य से 'आज क्या खाया?' इंटरवेंशन के तहत एक महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिसेफ और एनआईटी रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार यह कार्यशाला जिले के विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के लिए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य किशोरों में एनीमिया और पोषण संबंधी आदतों को समझने और सुधारने के लिए व्यवहारिक विज्ञान के टूल्स का उपयोग करना था।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने डेटा और अंतर्दृष्टि–आधारित रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए किशोरों में पोषण और आहार संबंधी व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया। कार्यशाला में कोंडागांव जिले के विभिन्न सरकारी अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, और युवोदय, कोन्डनार चौंप्स स्वयंसेवक के साथ अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया, जिनकी मदद से किशोरों के पोषण की स्थिति में सुधार करने के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला का संचालन फाइनल माइल संस्था की कंसल्टेंट रजुता कुम्भोजकर और तारुतियम संस्था की अनीथा कसुगंटी तथा सृष्टि शंकर ने किया। यह कार्यक्रम कोंडागांव जिले में किशोरों के पोषण संबंधी समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और भविष्य में यह जिले में किशोरों के स्वास्थ्य और आहार सुधार की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा।

## देवी देवताओं की परिक्रमा होगी मुख्य आकर्षण का केंद्र...



धनोरा। केसकाल ब्लॉक का सबसे बड़ा मंडी बाजार धनोरा के वार्षिक देव मेला 19 से 21 अप्रैल तक होगा। मेले में दूर दूर से दर्शकगण पहुंचते हैं। साथ ही इस मेले में नए रिश्ते भी जुड़ते हैं, शादी जैसे मांगलिक कार्य का भी मौका मिलता है, मेला क्षेत्र संवेदनशील होने पर सुरक्षा के मद्देनजर मेला मे कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने संवारी नीलबती की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- नीलबती को किराना दुकान से प्रतिमाह लगभग 8,000 रुपये की हो रही है आय

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बिहान योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में निवासरत महिलाओं और युवतियों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना से जुड़कर जिले की कई महिलाएं आज अपने पैरों पर खड़ी हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। इन्हीं में से एक हैं माकड़ी विकासखंड के ग्राम गुमड़ी की श्रीमती नीलबती नाग, जिन्होंने 'बिहान' से जुड़कर न केवल अपने परिवार को संबल दिया, बल्कि अपनी नई पहचान भी बनाई।

पहले नीलबती नाग के परिवार को जीवनयापन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वे और उनके पति श्री रामदयाल नाग मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पालन–पोषण करते थे। कठिन आर्थिक हालात और चुनौतियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। वर्ष 2014 में नीलबती बिहान योजना से जुड़ीं और महिला बचत स्व–सहायता समूह की सदस्य बनीं। आज वे समूह में सचिव के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। माकड़ी विकासखंड की टीम के मार्गदर्शन में उन्होंने समूह की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया और उन्हें बिहान से जोड़ा। समूह से ऋण प्राप्त कर नीलबती ने अपने गांव में एक किराना दुकान की शुरुआत की। उन्होंने दुकान में स्थानीय जरूरत के अनुसार आवश्यक वस्तुओं को रखीं, जिससे गांववासियों को सुविधा मिली। आज नीलबती को किराना दुकान से प्रतिमाह लगभग 8,000 रुपये की आय प्राप्त हो रही है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें हर महीने 01 हजार रूपए प्रतिमाह लाभ भी मिल रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर न केवल आत्मनिर्भर हुईं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में भी सुधार किया। उनकी यह सफलता उन तमाम ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रेत है, जो जीवन में बदलाव लाने की इच्छा रखती हैं। नीलबती नाग ने यह साबित किया कि महिलाएं अपनी दृढ़ संकल्प से अपने परिवार के जीवन को नई दिशा दे सकती हैं।

## पेज 11 के शेष

### भालू के साथ ...

किस्टाराम थाना अंतर्गत ग्राम पुट्टेवाड़ा में पहुंच आरोपियों को धर दबोचा गया। तीन आरोपियों में एक को इसकी भनक लगते ही वह फरार हो गया जबकि दो में एक वंडो पिता देवा और दूसरे नाबालिग को पकड़ा गया। दुग्गा ने बताया दोनों आरोपियों पर वन अपराध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर 14 अप्रैल को मामला कायम कर वन प्राणी अधिनियम तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम अधिनियम की धारा पंजीबद्ध किया गया। 15 अप्रैल को सुकमा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां वंडो को जिला कारागार सुकमा में परीरुद्ध किया गया,जबकि नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया।

### वाटर हार्वेस्टिंग बनाना...

दरुस्त करने के हेतु जरूरी कदम उठाने तथा सड़क पानी और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। मैं धन्यवाद देना चाहता हूं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप एवं विधायक किरण सिंह देव का जिनके अथक प्रयास से नगर निगम जगदलपुर को 50 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की। महापौर ने कहा इस शहर को व्यवस्थित करने पर्यावरण एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में एवं पानी बचाने कुछ कड़े निर्णय लिए गए हैं परंतु इन नियमों के लागू होने से शहर विकसित स्वस्थ सुंदर एवं स्वच्छ होगा निगम के इतिहास में किसी भी एमआईसी बैठक में 50 करोड़ की राशि की स्वीकृति कभी नहीं हुई है इसलिए डबल इंजन की सरकार का फायदा जगदलपुर नगर निगम को मिल रहा है।

**ये रहे उपस्थित-** बैठक में महापौर संजय पाण्डे, सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कोसारटेडा के प्रभावित...

आरोप है कि वन विभाग द्वारा उनकी साढ़े 300 हेक्टेयर खेती की जमीन पर पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है, जिससे वे अपनी खेती के जमीन से बेदखल हो जाएंगे जो उनके आजीविका का एकमात्र साधन है। ग्रामीणों का कहना है कि 1980 में कोसारटेडा बांध के निर्माण के दौरान उनकी जमीन बांध में चली गई थी, जिसके बाद उन्हें वन अधिकार पट्टा दिया गया था। उसी जमीन पर खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे लेकिन अब वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के खेती के जमीन पर पर्यटन स्थल बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है जिससे किसानों की खेती-बाड़ी की जमीन छिन जाएगी खेती के जमीन पर पर्यटन स्थल बनाए जाने के विरोध मे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

**मुख्य गेट पर ग्रामीणों को रोका-** कलेक्टोरेट पहुंचते ही ग्रामीणों को मुख्य गेट पर रोक दिया गया। जहां सैकड़ों महिलाएं गेट पर ही बैठकर जिला प्रशासन से मिन्नतें करती नजर आईं। जिला प्रशासन के अपर कलेक्टर सीपी बघेल बे उनकी शिकायत सुनी और मांगपत्र ले लिया। साथ ही आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी और संबंधित वन विभाग से पूछा जाएगा।

**हमें बेदखल न करे-** ग्रामीणों ने अपनी आपत्ति जताते हुए कहा, हमने वोट दिया था, हमने अपना विधायक चुना, मंत्री बने, और आज वहीं ग्रामीण कड़ी धूप में बैठकर फरियाद लगा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी जमीन की सुरक्षा की जाए। उन्हें अपनी जमीन से बेदखल न किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पर्यटन स्थल बनाना ही है, तो वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिससे ग्रामीणों की भी जमीन बच जाए और पर्यटन स्थल भी बन जाए। वहीं अपनी खेती किसानी के जमीन को बचाने के लिए सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट सामने मिन्नतें करते नजर आए।

**किसानों के साथ बार-बार धोखा-** नारायणपुर के पूर्व विधायक चन्दन कश्यप मीडिया से चर्चा करते कहा 1980 में सालेमेटा पंचायत के कोसारटेड़ा में बांध निर्माण के लिए 943 किसान प्रभावित हुए। किसानों को आज पर्यन्त मुवावजा नही दिया गया। बांध से सटे खड़का गांव में 750 हेक्टेयर वनाधिकार कृषि भूमि दी गई। अब 45 साल बाद उसी जमीन से बेदखली की कार्रवाई करने वन विभाग तैयारी जर रहा है। बताया जा रहा है,कि किसानों की कृषि भूमि ने वन विभाग चिड़ियाघर व पर्यटन केंद्र खोलने चारो तरफ घेरा लगाया जा रहा है। कश्यप ने कहा ऐसे में किसान विस्थापित हो जाएंगे तो कृषि कार्य कहा करेंगे। 350 हेक्टेयर क्षेत्र में घेरा लगाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। आज उसी के विरोध ने बड़ी संख्या में ग्रामीण कलक्टरेट पहुंच मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौपा है।

### तेंदूपत्ता नीति के...

अलावा कांग्रेस कार्यकर्ता और तेंदूपत्ता हितग्राही मौजूद थे।

**ठगा हुआ महसूस कर रहे लोगः देवती-** पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश और बस्तर संभाग का आदिवासी परेशान और पीड़ित हैं। अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

**नकद भुगतान और नए फड़ खोलने की मांग-** प्रति सौ गड्डी पर 700 रुपए दिये जाने, तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान करने, ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी करने, वन अभयारण्य क्षेत्रों में सरकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण करने, जिन गांवों में तेंदूपत्ता फड़ नहीं है। उन गांवों में नए तेंदूपत्ता फड़ खोलने, तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों के मानदेय में वृद्धि करते हुए प्रतिवर्ष 25000 रूपए प्रति फड़ मुंशियों को दिए जाने समेत अन्य मांगों का ज्ञापन एसडीएम को दिया।

### ग्रीष्मकाल में पेयजल...

निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। उक्त कार्य को सुनिश्चित करने के लिए राजस्व एवं वन विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें पूरी जानकारी प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टों के रिकॉर्ड को अभिलेख कक्ष में सुरक्षित रखने सम्बन्धी कार्य में शीघ्र अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर ने कहा कि ग्रीष्मकाल आरंभ होने के साथ ही पेयजल की दिक्कत के मद्देनजर जल प्रदाय योजनाओं, सोलर ड्यूल पम्पों एवं हैंडपंपों का समुचित संधारण एवं संचालन सुनिश्चित किया जाए। सुधार योग्य जल प्रदाय योजनाओं तथा हैंडपंपों को अभियान चलाया जाकर अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाया जाए। साथ ही चिन्हित समस्याग्रस्त इलाकों में ध्यान केंद्रित कर नवीन नलकूप खनन कर हैंडपंप स्थापना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संभाग के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में अद्यतन प्रगति लाने पर बल देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ संचालित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने संभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर जल्द नियुक्ति किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने पर जोर देते हुए कहा कि चयनित योजनाओं के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को लाभान्वित किए जाने पर ध्यान केन्द्रित करें। निर्धारित लक्ष्य के आधार पर योजना क्रियान्वयन को वरीयता दी जाए। कमिश्नर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के ओडीएफ प्लस मॉडल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, लखपति महिला पहल, प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन एवं आवास निर्माण, जियो टेगिंग के कार्य, ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा किए। इस दौरान मुख्य अभियंता लोक निर्माण जीआर रावटे, डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार एवं आरती वासनिक सहित कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, विद्युत वितरण कम्पनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग, वन इत्यादि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी और अन्य विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र कोण्डागांव जिला के अंतर्गत कोण्डागांव शहर में एजेंसी (ब्यूरो) देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, जगदलपुर
पुनम हॉटल, प्रतापगंज पारा,
मो. 9425590411,
9131893124
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
0771-4242211
9303340022

**खबर संक्षेप**

### बीपीएल, अनाथ और नक्सल पीड़ितों को मिलेगा प्रवेश

**गीदम।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गीदम में कक्षा छठवीं की रिक्त सीटों के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गया है। कक्षा छठवीं की 33 रिक्त सीटों में सभी वर्ग की गरीबी रेखा के नीचे व बीपीएल कार्डधारी, अनाथ, नक्सल पीड़ित, शालात्यागी बालिकाओं को विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में बालिकाओं के लिए निशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, स्टेशनरी, स्वच्छ व पौष्टिक भोजन, जूता मोजा व स्कूल बैग आदि प्रदान किए जाएंगे। विद्यालय में प्रवेश के लिए गीदम ब्लॉक की छात्राएं 20 अप्रैल से 10 मई तक प्रवेश ले सकती हैं।

### दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल



बीजापुर। जनपद पंचायत भैरमगढ़ परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना था। इस शिविर में चिन्हांकित 27 दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, साथ ही पात्रता के अनुसार उन्हें विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। वितरित उपकरणों में बैटरी चालित सायकिल, व्हील चेयर, स्वेत छड़ी, बैशाखी, वॉकिंग स्टिक, एमआर किट, दृष्टिबाधित किट तथा ट्राइसाइकिल जैसी उपयोगी सामग्री शामिल रही। यह कार्यक्रम सुशासन उत्सव के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लच्छूराम मोड़ियामी, सामन्ति कश्यप, प्रीति आरकी, दसरी कोरसा, जितेन्द्र, मोतीराम कुशरामी, नीलों लेकाम, जमुना सकनी, चिन्ना तेलाम, बलदेव उरसा, सुनील दरसा, पोदिया राम हपका, पुनीत राम साहू तथा उप संचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### हेल्थ केयर एवं आईटी ट्रेड में इंटर्नशिप हुआ



**दंतेवाड़ा।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दंतेवाड़ा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संस्थान के हेल्थ केयर एवं आईटी ट्रेड अन्तर्गत 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम विगत 15 अप्रैल को संपन्न हुआ। इस क्रम में 54 छात्राओं को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा एवं जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी है।

### मत्स्य पालन आधुनिक तरीके अपनाने की दी सलाह

**दंतेवाड़ा।** मत्स्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड भरत मटियारा द्वारा जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में समस्त मछुआ सहकारी समिति एवं निजी मत्स्य कृषकों से मछली पालन संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर उन्हें मत्स्य पालन से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

## शीघ्र जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें

# विधायक ने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र चन्द्रगिरी का किया औचक निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा**

गुरुवार को दरभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान चित्रकोट विधायक विनायक गोयल दरभा क्षेत्र के ग्राम चन्द्रगीरी स्थित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा की स्वास्थ्य केंद्र का भवन, जिसे लगभग 5 वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया था, जो आज वर्तमान में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल को इस ग्राम में बने आयुर्वेदिक स्वास्थ केंद्र भवन की जानकारी देते बताया कि यह भवन अत्यंत जर्जर हो चुकी है इस आयुर्वेदिक भवन को बने पांच साल हीं हुए है लेकिन आज पर्यन्त इस भवन का हालत काफ़ी जर्जर हालत में दिख रही है। इस भवन में मरीज अपने इलाज के लिए आते है तो उन्हें यह नहीं पता रहता की छत से फफड़ी सीमेंट कब उनके उपर गिर जाये। स्थानीय ग्रामीणों की मांग है की स्वास्थय केन्द्रों जैसे भावनों का सही गुणवत्ता रखा जाये ताकि भविष्य में किसी तरह की अनहोनी न हो। यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है कि जनता की स्वास्थ्य सेवाओं हेतु निर्मित यह भवन, आज जर्जर हालत में खड़ा है। विनायक गोयल ने बताया कि यह भवन निर्माण के दौरान गंभीर अनियमितताओं और ठेकेदार द्वारा सरकारी राशि के दुरुपयोग की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है।

विधायक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलबी की एवं शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है, जहाँ जनसेवा हेतु स्वीकृत राशि को कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा गबन कर लिया गया।

### जीपीएफ पासबुक संधारण के संबंध में डीईओ को पत्र

**भोंड।** बस्तर जिले में कार्यरत एलबी संवर्ग के शिक्षकों की जीपीएफ पासबुकों का संधारण विगत कई वर्षों से लंबित है। शिक्षकों के खातों से 2018 से नियमित रूप से राशि कट रही है, लेकिन आज तक अधिकांश



विकासखंडों में पासबुक संधारित नहीं की गई है। इस गंभीर समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, बस्तर के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर समस्या से अवगत करवाया। संघ ने कहा कि जीपीएफ पासबुक अद्यतन नहीं होने से शिक्षकों को अपनी बचत की जानकारी तक नहीं मिल पा रही है, जिससे भविष्य की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों बीइओ को पत्र जारी किया। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 10 दिनों के भीतर सभी एलबी संवर्ग शिक्षकों की जीपीएफ पासबुकों का संधारण पूरा किया जाए। डीईओ बलीराम बघेल ने यह भी कहा कि समयसीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। संघ ने यह भी बताया कि इससे पहले शिक्षकों से पासबुक भरवाकर विकासखंड कार्यालय में जमा करवाए गए थे, लेकिन आज तक उन्हें अपडेट नहीं किया गया।

# नाबालिग की शादी पर लगी रोक

### बाल विवाह रोकथाम जागरूकता का दिखा असर




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा नियमित रूप से ग्राम पंचायतो में शिविर, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से एवं स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए बृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

आंगनबाडी केन्द्र रानीबोदली कार्यकर्ता के माध्यम से बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक प्रियंका भारद्वाज, ललिता साहू, कु. पुष्पा गेंदरे एवं राजेश मडे, जगत मलहोत्रा का टीम बनाकर ग्राम पंचायत रानीबोदली में परिवार वाले से गृहभेट किया गया। इस दौरान पाया गया कि बालिका की उम्र 17 वर्ष है, बालिका 9वीं की पढ़ाई करकर छोड दी है इस पर परिवार वालों को ग्रामीणजनो के समक्ष समझाया गया कि लडकी की उम्र 18 वर्ष से कम एवं लडका का उम्र 21 वर्ष से कम होने पर बाल विवाह की श्रेणी में आते है बाल विवाह एक कानूनन अपराध है बाल विवाह करने, कराने एवं शादी में सम्मलित होने वाले लोगों पर 2 वर्ष की सजा तथा जुर्माने का प्रावधान है। समझाईस के बाद परिवार वाले द्वारा बाल विवाह नही करने का वादा किया गया एवं बालिका की उम्र निर्धारित आयु पूर्ण करने पर ही शादी करने की बात कही गई।

टीम द्वारा कार्यकर्ता को सजग रहने की बात बताते हुए परिवार वाले एवं ग्रामीणजनो को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## सुशासन तिहार के आवेदनों का संतुष्टि परक एवं स्वीकार्य निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा**

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के तहत प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख निराकृत करने के लिए तय किए गए समयावधि में आवेदन समाधान को सर्व प्राथमिकता देवें।

इसके लिए सर्वप्रथम प्राप्त आवेदनों मांगो शिकायतों का स्क्रुटनी करें और अपने कार्यालय स्तर के आवेदनों को बिना देरी किए समाधान करने में जुट जाएं चूंकि कई आवेदन ऐसे भी होंगे जो शासन स्तर पर ही निराकृत हो सकते है ऐसे आवेदनों का वर्गीकरण करके अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन ले और आवेदकों की मांगों के समाधान का यथासंभव स्वीकार्य जनक हल निकाले। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सुशासन तिहार की विभागवार ऑनलाइन एंट्री की प्रगति की जानकारी लेते हुए इसे मिशन मोड में करने का निर्देश दिया।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संदर्भ में बताया कि सुशासन तिहार आम जनता से सीधे संवाद का एक सशक्त माध्यम है। आमजनों की समस्याओं को धरातलीय स्तर पर जानने समझने और उसके निराकरण का यह उपयुक्त अवसर है ताकि उन्हें विश्वास दिलाया जा सके कि शासन प्रशासन उनके मांगों शिकायत समस्याओं का निराकरण करने के लिए तत्पर है। उल्लेखनीय है सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले के पंचायत, ब्लॉक एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में समाधान पेटियों और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कुल लगभग 38,116 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः शासन की मंशानुरूप अपनी विभागीय सेवाओं को कार्यशील बनाने के लिए सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदनों का सौ प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित करें।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा एक जुमला वास्तविक लाभ नहीं : बघेल

**घाटलोहंगा।** भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा 2023 के आयोजन की घोषणा की गई थी, जिसे प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने के रूप में प्रस्तुत किया गया था। हालांकि इस यात्रा के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन यह केवल कागजों और प्रचार-प्रसार तक सीमित रही। इस यात्रा के तहत



लाभार्थियों को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिला और न ही सरकार ने इस संदर्भ में कोई स्पष्ट जवाब दिया है। बस्तर जनपद पंचायत सदस्य हेमराज बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मात्र प्रचार अभियान बनकर रह गई है। यह कोई वास्तविक कदम नहीं है, बल्कि एक ऐसा जुमला है जिसका उद्देश्य केवल राजनीतिक लाभ हासिल करना था। यात्रा के दौरान सभी गांवों में सैकड़ों आवेदन जमा किए गए, लेकिन अब तक कोई वास्तविक निराकरण नहीं हुआ है। सरकारी दावे और वास्तविकता में कोई मेल नहीं है। श्री बघेल ने आगे कहा, ‟यह यात्रा उन सभी लोगों के लिए निराशा का कारण बनी है जिन्होंने उम्मीद की थी कि इस योजना के तहत उन्हें कुछ सुविधा या लाभ मिलेगा। यात्रा के दौरान सरकार ने केवल योजनाओं का उद्घाटन किया और उनके प्रचार के लिए भारी खर्च किया। लेकिन इन योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच सका।

## रिकार्ड समय में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम**

दंतेवाड़ा जिला में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिससे दंतेवाड़ा जिला के शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।



छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ दन्तेवाड़ा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया है कि जिला में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर अविलम्ब पदोन्नति की मांग जिला शिक्षा अधिकारी से किया था जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने पदोन्नति की प्रक्रिया की शुरूवात करते हुए कुल 38 पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया संपन्न की। इन पदों के विरूद्व 16 अप्रैल को काउंसलिंग की प्रक्रिया में 34 सहायक शिक्षक उपस्थित हुए एवं 05 सहायक शिक्षक अनुपस्थित थे। इन 34 सहायक शिक्षकों में से 11 सहायक शिक्षकों ने प्रधान पाठक प्राथमिक के पद पर पदोन्नति लेने के बजाय शिक्षक पद पर पदोन्नति लेने हेतु आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को निर्णय लेना है। शालेय शिक्षक संघ लगातार शिक्षक हित में कर्मचारियों के मनोबल एवं कार्य दक्षता पर अनुकूल प्रभाव हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त संचालक शिक्षा, बस्तर से प्रधान पाठक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक एवं शिक्षक पद हेतु लगातार मांग करता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एस के अंबस्ट ने रिकार्ड समय में डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डी.पी.सी) की बैठक आयोजित कर पदोन्नति एवं पदस्थापना हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी काउंसलिग प्रक्रिया अपनाते हुए पदोन्नति संपन्न करवाया।

इस पदोन्नति की प्रक्रिया त्वरित संपन्न करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं उन्के कार्यालय को शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शैलेष सिंह, कुलदीप चौहान, दीपमाला वेक, नीतु पारधी, वेदिका नाग, कमल कर्मकार, पुरूषोत्तम लाल साहू, धीरेन्द्र सिंह गौतम, दिनेश गभेल, गजलू पोडियाम, अंकित गुप्ता, विनय प्रधान, राकेश मिश्रा, केशव स्वर्ण, आनंद मुडामी आदि ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कंप्यूटर से लेकर कला तक बच्चों और युवाओं को मिलेगा आधुनिक कौशल का प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी**

बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश को रचनात्मक और उपयोगी बनाने के लिए एक अभिनव समर कैंप की शुरुआत की गई है। इस कैंप का उद्घाटन स्थानीय शिक्षकों और समुदाय के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल और रचनात्मक शिक्षा से जोड़ना है। बच्चों को बेसिक कंप्यूटर नॉलेज के साथ-साथ हार्डवेयर की प्रारंभिक जानकारी भी दी जा रही है। यह प्रशिक्षण बच्चों को न केवल तकनीकी ज्ञान देगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास और करियर विकल्पों को भी नया रास्ता दिखाएगा।

इस समर कैंप की खासियत यह है कि बच्चों को कंप्यूटर और हार्डवेयर ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे तकनीकी युग के अनुरूप शिक्षा प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही नृत्य, पेंटिंग, कला और इंग्लिश स्पीकिंग जैसी गतिविधियाँ भी शामिल की गई हैं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से 8 कंप्यूटरों की व्यवस्था की गई है और वाई-फाई की सुविधा के साथ एक पूरी कंप्यूटर लैब तैयार की गई है। सबसे खास बात यह है कि बच्चों को कंप्यूटर सीखने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

समर कैंप का संचालन प्रातः 8 से 10 बजे तक किया जाएगा और गतिविधियों की जानकारी बच्चों को पहले ही यूट्यूब के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिससे वे पहले से तैयारी कर सकें। प्रत्येक सत्र में बच्चों को कंप्यूटर के बेसिक ऑपरेशन, टाइपिंग, पेंट, एमएस वर्ड, इंटरनेट उपयोग जैसे विषयों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इंटरनेट और वाई-फाई की सुविधा के चलते अब बच्चे डिजिटल दुनिया से सीधे जुड़ पा रहे हैं। इस पहल से बच्चों को न केवल स्कूली शिक्षा के साथ डिजिटल शिक्षा भी मिल रही है, बल्कि यह उन्हें नवीनतम तकनीक के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बना रहा है। गांव के वे बच्चे जो पहले कंप्यूटर को केवल किताबों में देखते थे, अब उसे अपने हाथों से चला रहे हैं, यह दृश्य बेहद प्रेरणादायक है।

# पोषण के महत्व के बारे में दी गई उपयोगी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर**

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण अभियान का आयोजन किया जा रहा है कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है।

इस दौरान सभी ग्राम पंचायतो में नवजात बच्चें के जीवन के प्रथम 1000 दिवस के दौरान पोषण के महत्व पर जानकारी दिया जा रहा है। आंगनबाडी केन्द्र में गर्भवती माता, शिशुवती माता एवं देखभालकर्ताओं को जीवन के प्रथम 1000 दिवस के दौरान पोषण की महत्व की जानकारी देते हुए समुदाय के साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमे , विश्रृद्ध स्तनपान एवं आहार के संबंध में व्यक्तिगत रूप से परामर्श करना भी बताया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान एक मुख्य उददेश्य है। पोषण माह आयोजन अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूहों एवं स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, महा विद्यालय, एवं यूनिसेफ व वर्ड विजन से समन्वय कर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन जैसे की वजन त्यौहार में छूटे हुए बच्चों का वजन, ग्राम पंचायतों पर व्यापक प्रचार प्रसार, नारा, स्लोगन, गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों का चिंहाकन, गृहभेंट ऑगनबाड़ी एवं स्कूलों में विभिन्न प्रकार के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन, शालाओं में चित्रकला का आयोजन, शालाओं में पोषण प्रतिज्ञा, ग्राम स्तर पर पंजीयन जागरूकता रैली, स्थानीय स्तर पर उत्पादित होने वाले पौष्टिक सब्जी/अनाज से बनाये गये व्यंजनों का प्रदर्शन, पंचायत प्रतिनिधि, स्व सहायता समूहों का उन्मुखीकरण, पोषण आहार विविधिता के विषय में जागरूकता, पोषण प्रश्नोत्तरी, मासिक धर्म एवं स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा, कॉलेजों एवं स्कूलों में पोषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है।

## सरकार ने किया डॉ. अंबेडकर का अपमान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा**

14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती थी, जिस दिन प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम सभा आयोजित करने की घोषणा की गई थी लेकिन हकीकत में अधिकांश पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया, जिससे डॉ. अंबेडकर की विरासत का अपमान माना जा रहा है।



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक लखेश्वर बघेल ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर की जयंती पर ग्राम सभा का विशेष महत्व होता है यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और लोकतंत्र की असली पहचान होती है। शासन ने गंभीरता पूर्वक नहीं ली। जिससे ग्राम सभा के लिए एजेंडा तो जारी कर दिया, लेकिन धरातल पर ग्राम सभा आयोजित ही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ दिखावे की बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, जबकि गांवों में वास्तविक कार्यवाही नदारद है। यह साबित करता है कि प्रदेश सरकार डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके प्रति सम्मान को लेकर गंभीर नहीं है। स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों का भी कहना है कि उन्हें ग्राम सभा की पूर्व जानकारी नहीं दी गई, न ही कोई आयोजन की तैयारी की गई थी इससे गांवों में नाराजगी का माहौल है।

एक माह से सचिव संघ अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है मोदी की गारंटी की बात करते हैं लेकिन विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी कह कर घोषणा पत्र में शामिल की गई थी लेकिन भाजपा के लोगों में करनी और कथनी में अंतर है।

बस्तर विधायक ने कहा कि नव निर्वाचित सरपंचों का अभी तक कई जगहों पर प्रभार नहीं मिला है जिसकी वजह से सरपंचों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है वही सचिव हड़ताल पर हैं विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी की बात कही गई थी लेकिन सचिवों की मांग पूरी भी कर नहीं सकी सरकार।

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय, दंतेवाडा (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं बिप्लव मल्लिक, पिता स्व. बृन्दावन मल्लिक, उम्र- 37 वर्ष, निवासी- वार्ड क्र. 03, किरंदुल, तह. बचेली, जिला-दंतेवाडा, (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम का आधार कार्ड क्र. 2086 1469 7674 में त्रुटिवश नाम आराध्या मल्लिक, पिता बिप्लव मल्लिक दर्ज हो गया है।
3. यह की मेरी पुत्री के नाम का स्कूल रिकॉर्ड एवं अंकसूची व जन्म प्रमाण-पत्र में सही नाम भाग्यश्री मल्लिक, पिता बिप्लव मल्लिक दर्ज हैं जोकि सत्य एवं सही है।
4. यह की मैं अपने पुत्री के नाम का आधार कार्ड में सही नाम भाग्यश्री मल्लिक दर्ज करवाना चाहता हूँ।
5. यह की उक्त शपथ-पत्र का निष्पादन मैं अपनी पुत्री का सही नाम आधार कार्ड में आराध्या मल्लिक के स्थान पर भाग्यश्री मल्लिक दर्ज करवाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं बिप्लव मल्लिक, पिता स्व. बृन्दावन मल्लिक, उम्र-37 वर्ष, निवासी वार्ड क्र.03, किरंदुल, तह. बचेली, जिला-दंतेवाडा, (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक का विवरण मेरे जानकारी से सही है। मैं आज दिनांक 16.01.2025 को हस्ताक्षर किया हूँ।

**सत्यापनकर्ता**

## पोषण पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा**



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जिले को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर से जनजागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा रख को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पोषण रथ सुकमा, छिन्दगढ़ और कोंटा विकासखंड के गांव गांव जाकर ग्रामीणों को पूरक पोषण आहार लेने हेतु जागरूक करेगा। इस अभियान का मूल उद्देश्य जीवन के पहले 1000 दिन गर्भावस्था से दो साल की उम्र तक में पोषण को प्राथमिकता देना है, जो बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास की नींव रखते हैं। इस जन जागरण अभियान में हर ग्राम पंचायत, हर आंगनबाड़ी केंद्र और हर घर को जागरूकता का केंद्र बनाया बनाया जा रहा है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चित्रकोट मंदिर में बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा



**जगदलपुर।** चित्रकोट बजरंगबली मंदिर प्रांण प्रतिष्ठा कर पूजा पाठ किया गया और बजरंगबली की स्थापना हुई। चित्रकोट थाना प्रभारी हंसराज, मुंशी हर्ष नित, नैतिक, राजु लुक्कड़, पेगड़, घनश्याम ठाकुर, लंबोदर पटेल, प्रलाद ठाकुर, रूकनाथ, अनिल, चुन्नी ठाकुर, गोचू जोगे, शंकर ठाकुर, खतू ठाकुर समेत अन्य मौजूद रहे।

### नक्सलवाद का खात्मा नही चाहती कांग्रेस : सुब्रतो

**जगदलपुर।** कांग्रेस के बयानों से साफ है की नक्सलवाद की जड़े बरसो से छत्तीसगढ़ में फैली उसका मूल कारण कांग्रेस है। डबल इंजन की सरकार अमित शाह ने दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद मुक्त करने का डेड लाइन क्या तय किया। कांग्रेस के नेताओ को नींद नहीं आ रही ,क्या कारण है। नक्सलवाद की पुनर्वास नीति को कांग्रेस के लोग क्या समझेंगे। गृह मंत्री विजय शर्मा का लगातार नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने दिन रात की मेहनत जनता देख रही है। बस्तर ओलंपिक कोई गिल्ली डंडा का खेल नही था ये तो एक तीर से दो निशाना था। आने वाले समय में ये बस्तर ओलंपिक बस्तर के युवाओं को एक अलग स्थान देगा। युवा बंदूक छोड़ कर मुख्य धारा में जुड़ रहे है तो कांग्रेस को नींद नहीं आ रही। बीजापुर के पंचायत चुनाव के परिणाम को देखा कर अहसास हो गया की बीजापुर से भी पत्ता साफ हो ही गया। बस्तर का पंडूम देख कर ,आने वाले समय में सम्पूर्ण बस्तर के बदलाव को देख कर ये कांग्रेस के लोग मुख्य मंत्री वापस जाओ के नारे लगाते कलेक्ट्रेट तक पहुंचने लगे। क्या चाहती है कांग्रेस की बस्तर ढहर जाए, विकास रुक जाए।

### क्लस्टर स्तरीय यूजर फीडबैक एंड सेनेटाइजेशन के लिए कार्यशाला

# उद्योगों को अधिकतम प्रोत्साहन देने नई औद्योगिक नीति में है विशेष प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने हेतु नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के सफल क्रियान्वयन एवं यूजर्स की जागरूकता की दिशा में कलस्टर स्तरीय यूजर फीडबैक एंड सेनेटाइजेशन के लिए गुरुवार को

- **बस्तर के लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने उद्योग धंधों को मिलेगी सहायता**

कलेक्टोरेट में आयोजित संभागीय स्तरीय कार्यशाला में विकसित बस्तर के लिए उद्योगों की भूमिका को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान वक्ताओं ने नई औद्योगिक नीति के तहत बस्तर संभाग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ खनिज आधारित, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन उद्योगों की असीमित संभावनाओं को साकार करने हेतु सकारात्मक पहल करने पर जोर देते हुए इस दिशा में राज्य शासन के सार्थक प्रयासों को सराहनीय निरूपित किया।

इस अवसर पर बस्तर चैंबर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने कहा कि विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने हेतु उद्योग-धंधों का समग्र विकास जरूरी है। वर्तमान में बस्तर में उद्योगों के लिए आर्थिक सहायता सहित भूमि बैंक, रेल,



हवाई सेवा और सड़कों की बेहतर कनेक्टीविटी को प्राथमिकता देना आवश्यक है। साथ कि उद्योगो के लिए पानी की समुचित उपलब्धता के लिए कार्ययोजना बनाए जाना चाहिए। उन्होंने राज्य शासन द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहनीय निरूपित करते हुए आगामी दिनों में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स मीट के लिए स्थानीय उद्यमियों को शामिल करने सहित उद्यमियों के साथ हर तीन महिने में बैठक किए जाने का सुझाव दिया। कार्यशाला में उघु उद्योग भारती जगदलपुर के लिए अध्यक्ष श्री राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि बस्तर में लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के विकास की अपार संभावना हैं। स्थानीय स्तर पर कृषि एवं वनोत्पाद भी प्रचुर है जिससे मूल्य प्रसंस्करण के दिशा में भी व्यापक पहल किया जा सकता है। उन्होंने बस्तर के लोगों के आर्थिक विकास के लिए उक्त सेक्टरों पर आधारित लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया।

कार्यशाला के आरंभ में संयुक्त संचालक उद्योग शिव राठौर ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। बस्तर की ताकत इस्पात और पर्यटन है, साथ ही कृषि-वनोत्पाद और कौशल की अहम भूमिका भी है, इसे देखते हुए शासन उक्त दोनों सेक्टरों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों और अधिकारियों से विकसित बस्तर के लिए उद्योगों के विकास को बढ़ावा देने हेतु अमूल्य सुझाव देने का आग्रह किया।

## महिला उद्यमिता पर फोकस

कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक अजित बिलुंग ने बताया कि औद्योगिक विकास नीति में विकसित बस्तर की ओर का रोडमैप तैयार करने के लिए भूमि बैंक प्रबंधन को मजबूत करना और व्यापार को आसान बनाना समाहित है। स्थानीय उद्योगों (वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प) के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना, विशेष रूप से जनजातीय युवाओं और महिला उद्यमिता पर फोकस किया जा रहा है। इस्पात, धातु प्रसंस्करण, कृषि, वनोपज आधारित उद्योग और हर्बल-औषधीय उत्पादों के लिए क्लस्टर की स्थापना की जा रही है। ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में सभी मौसमों के लिए उपयुक्त सड़कों का निर्माण और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के साथ एकीकरण का काम हो रहा है। स्टार्टअप्स के लिए समर्थन हेतु नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही है।

## रोजगार सब्सिडी का प्रावधान

उप संचालक उद्योग प्रफुल्ल साहू ने अवगत कराया कि औद्योगिक नीति 2024-30 के अनुसार बस्तर संभाग के विकास के लिए 32 में से 28 विकासखंडों को समूह 3 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है, ताकि उद्योगों को अधिकतम प्रोत्साहन मिले। विकास की मुख्य धारा में बस्तर को जोड़ने के लिए नई औद्यौगिक नीति में आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने के लिए रोजगार सब्सिडी का प्रावधान है जिसमे 5 वर्षों तक शुद्ध वेतन का 40 प्रतिशत का प्रावधान है। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग और नक्सलवाद प्रभावित लोगों के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान है। युवाओं के लिए प्रशिक्षण व्यय प्रतिपूर्ति तथा मार्जिन मनी सब्सिडी का प्रावधान है जिसमें अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गऔर नक्सलवाद प्रभावित व्यक्तियों द्वारा स्थापित नए लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के लिए 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी है।

## रोजगार सृजन की नई पहल

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ एवं मास्टर ट्रेनर्स प्रतीक तिवारी, सुजाय डे और तेजनारायण द्वारा बस्तर में औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन की नई पहल पर प्रस्तुति देने के साथ ही प्रतिभागियों के शंकाओं का समाधान किया गया। इस कार्यशाला में समूचे बस्तर अंचल के जिला उद्योग केंद्रों के अधिकारियों सहित श्रम अधिकारी तथा बस्तर चेम्बर आफ कॉमर्स, जूनियर बस्तर चेम्बर आफ कॉमर्स, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग संघ, पर्यटन समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित बड़ी संख्या में नव उद्यमी उपस्थित थे।

## सरपंच मिले सीईओ से कहा सचिवों की हड़ताल से पंचायतों में कामकाज ठप



**जगदलपुर।** पिछले एक माह से पंचायत सचिवों की चल रही बेमियादी हड़ताल के चलते पंचायतों में कामकाज पूरी तरह ठप्प हो चुका है। सरपंच चुनाव के बाद पूर्व सरपंचों से वर्तमान सरपचों को प्रभार भी नहीं मिल पाया है इसके चलते पंचायतों में एक ओर जहां मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रहा है और न ही किसी तरह का निमार्ण प्रारम्भ हो पा रहा है। परेशानी को देखते हुए दरभा ब्लाक सरपंच संघ की ओर से सीईओ को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने मांग की गई है।

सरपंच संघ अध्यक्ष लिबरूराम नाग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में चर्चा उपरांत सीईओ को ज्ञापन देकर तत्काल कार्य प्रारम्भ करने व पूर्व सरपंचों से प्रभार दिलाने मांग की गई है।

सीईओ दरभा को दिए ज्ञापन में सरपंचों ने बताया कि सचिवों के हड़ताल पर होने के कारण कार्य बाधित हो रहा है तथा स्थिति गंभीर बनी हुई है। संघ ने दिए ज्ञापन में बताया कि हड़ताल के चलते जाति व निवास प्रमाण पत्र के अलावा नामांतरण व बंटवारा सम्बधित प्रस्ताव ग्राम पंचायत से नहीं बन पा रहा है. नलजल व अन्य योजनाओं का कार्य संचालन नहीं हो पा रहा है। ग्राम सचिवों व पूर्व सरपंचों द्वारा अब तक पिछला लेखाजोखा नहीं सौंपा गया है जिससे काम प्रभावित हो रहा है। सरपंचों ने एक पंचायत में एक ही सचिव को प्रभार दने की मांग की गई है। पूर्व के पीएम आवास निर्माण तथा नई आवास सूची का प्रस्ताव नहीं हो पा रहा है। सभी ग्राम पंचायत के पेंशनधारियों को समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है।

सरपचों ने कहा कि शासन का कार्य ग्राम सरपचों द्वारा किया जाता है लेकिन सचिव नियुक्ति या प्रभार किसी को नहीं दिया जा रहा है यही स्थिति रही तो पंचायतों के कार्य का सरपंचों द्वारा बहिष्कार किया जाएगा।

## जिला पंचायत में मत्स्य पालकों के साथ परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला पंचायत में मछुआरा वर्ग के कल्याण एवं विकास हेतु जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मछुआ सहकारी समिति, समूह एवं मत्स्य पालकों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव



मंडावी, महापौर संजय पाण्डे, एमआईसी मेंबर योगेंद्र पांडे, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, पद्मनी कश्यप, संतोष बघेल, ललिता कश्यप, हरीराम मंडावी, रामचंद्र कोर्राम, विजय ध्रुव, उप संचालक मत्स्य विभाग सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत पहुंचे बचेली, किरंदुल

## खदानों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद आज जनहित समस्याओं के साथ खदानों से जुड़े समस्याओं पर चर्चा के लिए पदाधिकारी के साथ बचेली, किरंदुल पहुंचे और आर्सेलर मित्तल निप्पान महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं खदान से जुड़े मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों से मिलकर उनके द्वारा चर्चा की गई। नवनीत ने मुख्यमंत्री से आह्वान करते हुए कहा नक्सलवाद के 2026 में खात्मे की बात करने वाली सरकार बस्तर में विकास को लेकर रोड मैप घोषित करें।

उन्होंने कहा कि बस्तर में लोह अयस्क की चार डिपॉजिट की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो गई है इससे डेढ़ लाख करोड़ राजस्व की प्राप्ति होगा इस सरकार किस तरह बस्तर विकास में लगाएगी या अभी तक



स्पष्ट नहीं है उन्होंने कहा कि आज मोर्चा ने बचेली, किरंदुल का दौरा किया है और खदानों से जुड़ी जिन समस्याओं पर अधिकारियों से चर्चा की है। आरसेलर मित्तल महाप्रबंधक को किरंदुल द्वारा समझौता शर्तों की उलझन और लाल मिट्टी डंपिंग से जनता को हो रहे नुकसान के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा इस मुद्दे को लेकर कृषि और फसलों को नुकसान स्वास्थ्य समस्या पानी और पर्यावरण प्रदूषण आर्थिक शोषण के साथ रोजमर्रा के जीवन पर असर शिक्षा और स्वास्थ्य कमी बिजली पानी सड़क जैसे विषय को हमने इसमें शामिल किया है। नवनीत ने कहा है कि लाल मिट्टी की डंपिंग तत्काल बंद हो प्रभावित किसानों को मुआवजा मिले।

### बिजनेस साइट

## 21 वीं सदी में पैरेंन्टिंग एवं करियर की चुनौतियां व समाधान पर संगोष्ठी



**हैम अकादमी द्वारा शनिवार को डॉ. सत्यवर्धन तिवारी एवं डॉ. अभिषेक त्रिपाठी के साथ परिसंवाद**

**जगदलपुर।** कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के अभिभावकों के लिए शनिवार 19 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन टाउन हॉल में 21 वीं सदी में पैरेंन्टिंग एवं करियर की चुनौतियां व समाधान पर संगोष्ठी एवं परिसंवाद का कार्यक्रम हैम अकादमी द्वारा आयोजित किया गया है। सिर्फ शिक्षा ही नहीं, दिशा भी जरूरी है करियर बनाने के लिए विषय पर प्रेरक सत्र प्रख्यात मैनेजमेंट प्रोफेसर, करियर, लाइफ एवं पैरेंटिंग काउंसलर डॉ. सत्यवर्धन तिवारी एवं डॉ. अभिषेक कुमार त्रिपाठी आदित्य विश्वविद्यालय आंध्रप्रदेश लेंगे। यह स्कूली विद्यार्थी एवं अभिभावकों के लिए एक अनमोल मार्गदर्शन का अवसर होगा।

आदित्य विश्वविद्यालय के कैरियर काउंसलर एवं हैम अकादमी के डायरेक्टर हनिफ बारवटिया ने बताया कि यह एक विशेष संवादात्मक सत्र होगा जहां खुले मंच पर सवाल-जवाब, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज कैरियर सिर्फ जानकारी नहीं वरन दिशा और दृष्टिकोण से तय होता है। हम मानते हैं कि शिक्षा तब संपूर्ण होती है, जब उसमें परिवार और समाज दोनों की भूमिका हो। यह विशेष सत्र हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और अभिभावकों की संलग्नता को नई ऊंचाई देगा।

## वीर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि...



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर द्वारा बुधवार को शहर में स्थित शहीद स्मारक जाकर भाजपाइयों ने वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वित्त आयोग अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक संतोष बाफना, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, योगेंद्र पांडे ,रजनीश पानीग्राही, खेमसिंह देवगन,नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, आर्यद्र सिंह आर्य,संग्राम सिंह राणा, मनोहरदत्त तिवारी, शशिनाथ पाठक,अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर, राणा घोष, निर्मल पानीग्राही, संतोष गौर अविनाश सिंह गौतम, अभिलाष यादव, सुरेश मिश्रा, गुलाम अशरफ, वीरेंद्र जोशी, प्रमिला कपूर, बृजेश कपूर, वेंकटेश राव, विनायक बेहरा, संतोष गौर,अनिमेष सिंह चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रंगमंच में नाटक दालिया की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की कथा कृति 'दालिया' आधारित नाटक की प्रस्तुति नगर में की गई। लेखक ह्रषिकेश सुलभ ने इसका नाट्य रूपांतरण किया है। प्रसिद्ध निर्देशक जीएस मनमोहन और कलाकारों ने अनूठे अंदाज़ में कलागुड़ी के मुक्ताकाशी मंच पर नवजनरंग के बैनर तले , यह नाटक खेला। अनूठे अंदाज़ में इसलिए क्योंकि जब दर्शक नाटक देखने के साथ -साथ एक बीते समय को जीने लग जाएं, तो ही ऐसी कालजयी कृति का सारतत्व प्रेक्षकों तक पहुंच सकता है। नाटक जब इतिहास से संकेत ' ले' रहा हो तब रचनाकार के साथ-साथ निदेशक की भूमिका सजग होनी आवश्यक है। बहुत बड़ी बात है कि इसे अच्छी तरह ध्यान में रखते हुए लेखन और नाट्य प्रस्तुति में रचनात्मक अभिव्यक्ति की पूरी गुंजाइश रखी गई। नाट्य रूपांतरण में ह्रषिकेश सुलभ ने इसका ध्यान रखा है और निदेशक जीएस मनमोहन



जैसे सुदीर्घ अनुभवी निर्देशक के हाथों में आकर नाटक अपनी पूरी रंगत के साथ रंग बिखेरने में सफल रहा। सुधी दर्शकों ने प्रत्येक दृश्य बंध में इसे बख़ूबी महसूस किया। नाटक की बहुत बड़ी ख़ूबी रही रंगमंचीयता और अभिनेयता। इन दोनों के माध्यम से नाट्य - कथ्य , सहजता से, आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।

नाटक इतिहास की घटना को यथावत , यंत्रवत रखने की कोशिश नहीं करता अपितु पारंपरिक इतिहास के स्थान पर नाटकीय घटना के रूप में, इतिहास के पगचिह्न दिखाता है। यह किसी अमर कहानी के नाट्य मंचन की बड़ी विशेषता कही जाएगी। नाटक दालिया में मछुआरे की भूमिका में वरिष्ठ रंगमंच कलाकार निर्मल सिंह राजपूत ने बेहतरीन अभिनय किया वहीं जुलेखा की भूमिका में गायत्री आचार्य और अमीना की भूमिका में माही कश्यप ने किरदार के साथ पूरा न्याय किया साथ की दालिया के किरदार मे मनीष श्रीवास्तव और रहमत शेख केरूप में शिवप्रकाश सीजी ने उम्दा अभिनय किया। इसके अलावा राजदूत के रूप में जी संभव, दूत का किरदार प्रिंस ने बखूबी निभाया।




# महापौर ने मुख्यमंत्री से मांगे सवा दस करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने चुनाव के समय जनता के सामने रखे गए अपने विजन पर काम करना शुरू कर दिया है। महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को उनके जगदलपुर प्रवास के दौरान नगर पालिक निगम

- **गंगामुंडा तालाब को निखारने, दलपत सागर में एडवेंचर स्पोर्ट्स, महादेव घाट को खूबसूरत बनाने की है योजना**

जगदलपुर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 10 करोड़ 25 लाख रुपए की स्वीकृति की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सौंपे गए मांग पत्र में नगर के गंगामुंडा तालाब का सौन्दर्यीकरण



के लिए 4 करोड़ 25 लाख रुपए, महादेव घाट के संपूर्ण सौंदर्यीकरण एवं घाट निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए, दलपत सागर में वाटर एक्टिविटी वाटर एडवेंचर की सुविधा के लिए 2 करोड़ रुपए और लोकमान्य तिलक वार्ड क्रमांक 37 में खेल मैदान विकास के लिए ढाई करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि आवंटन करने का आग्रह किया है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त विभाग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, जिलाअध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा सहित पार्षद उपस्थित रहे।

